## एक नजर में

### विधायक मालवीय ने केंद्रीय गृह मंत्री से की भेंट



**घट्टिया।** विधानसभा क्षेत्र घट्टिया के विधायक सतीश मालवीय ने भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भेंट की। विधायक मालवीय ने गृह मंत्री से राष्ट्रहित के अनेक मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के प्रति आपका दृष्टिकोण और नेतृत्व हम जैसे कार्यकर्ताओं को नयी ऊर्जा प्रदान करता है।

### जागरूकता रैली व व्याख्यान का आयोजन




**माकड़ोन।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय माकड़ोन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर से शासकीय अस्पताल तक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने एड्स से बचाव एवं जागरूकता से जुड़े संदेशों का प्रचार-प्रसार किया। रैली के उपरांत आयोजित व्याख्यान सत्र में डॉ. दिशानी यादव ने एड्स संक्रमण, उससे बचाव, रोकथाम एवं इससे संबंधित भ्रांतियों पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। संचालन प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. नीता जाधव ने किया। अंत में रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. ज्योति जैन ने कार्यक्रम की सफलता के लिए स्वयंसेवकों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एनएसएस एवं रेड रिबन क्लब के स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी उल्लेखनीय रही।

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव एवं एड्स दिवस मनाया



**घट्टिया।** स्व. नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय घट्टिया में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव सोमवार को मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पुलकिता आनंद ने विद्यार्थियों को गीता का महत्व हुए कहा कि गीता हमे सिखाती है कि कर्म प्रधान रहकर जीवन यापन करना चाहिए। यदि हम अपना कर्त्तव्य अच्छे से निर्वहन करेंगे तो परिणाम तो निश्चित रूप से सुखद आना ही है। साथ ही रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एड्स दिवस पर एड्स जागरूकता विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पुलकिता आनंद, प्रशासनिक अधिकारी सुनील गुजराती, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्याम लाल चौधरी, डॉ. दयाराम मुझाल्दा, डॉ. रेखा सोलंकी, डॉ. प्रियंका चौबे, ओम प्रकाश कटारा, श्याम रावत, मनीष बैरागी, सरवन मालवीय सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### भावांतर भुगतान में देरी को लेकर चर्चा



**माकड़ोन।** कृषि उपज मंडी माकड़ोन में भावांतर योजना के अंतर्गत किसानों को मिलने वाले भुगतान में हो रही देरी को लेकर मंडी अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि किसानों के खातों में भावांतर की राशि शीघ्र ही जमा कर दी जाएगी। साथ ही मंडी में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इस विषय पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस प्रतिनिधिमंडल में भाजपा मंडल अध्यक्ष विशाल पांडे, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गोकुल मालवीय, नगर उपाध्यक्ष करण सिंह गुर्जर, सांसद प्रतिनिधि दिलीप गामी, महामंत्री नितेश पाटीदार, पूर्व महामंत्री अरुण पाटीदार, पार्षद यश सिसोदिया, वरिष्ठ नेता गुलाब सिंह धाकड़ तथा शेखर कारपेंटर उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी जीवन सिंह कपेली ने दी।

### खिलाड़ियों की कबड्डी कीट वितरित

**घट्टिया।** मध्य प्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विधायक सतीश मालवीय की अनुशंसा पर खिलाड़ियों को कबड्डी कीट वितरित की गई। सोमवार को घट्टिया व रलायती के कबड्डी खिलाड़ियों को कबड्डी मेट सहित कीट वितरित की गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह सोलंकी, अब्दुल वहाब खान, जनपद सदस्य मंगलसिंह सहित खिलाड़ी उपस्थित थे।

### खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



**महिदपुर।** सांसद खेल महोत्सव के तहत कन्याशाला महिदपुर में विविध खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य अर्जुनसिंह दावरे के स्वागत उद्बोधन से हुई। इसके उपरांत संकुल स्तर के हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्तर के विभिन्न आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं ने कबड्डी, दौड़, बैडमिंटन, रस्सा कस्सी, सितौलिया, शतरंज, एवं अन्य खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया और दर्शकों ने उनका हौसला बढ़ाया। विद्यालय परिसर उत्साह, ऊर्जा और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सभी प्रतिभागियों को संस्था प्राचार्य ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में खेल भावना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ावा देना था।

### देवव्रत यादव नेशनल कोऑर्डिनेटर नियुक्त

**उज्जैन।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनिल जय हिंद ने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की सहमति से उज्जैन के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता देवव्रत यादव को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग का नेशनल कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया। पिछड़ा वर्ग विभाग के शहर प्रवक्ता कृष्ण यादव ने बताया कि उज्जैन से पिछड़ा वर्ग के किसी नेता को पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस संगठन में इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई।

# जागरूकता से जुड़े संदेशों को आमजन तक पहुंचाया




**उज्जैन।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जूलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट और साइंस कमेटी द्वारा एड्स एवं संक्रामक बीमारियों की रोकथाम पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि और कीनोट स्पीकर डॉ. सतिंदर कौर सलूजा, गायनेकोलॉजिस्ट थीं। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक द्वारा की गई। संचालन जूलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा अखंड द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. रश्मि भार्गव ने भी छात्राओं को महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. सलूजा ने बताया कि इस साल वर्ल्ड एड्स डे की थीम एचआईवी, एड्स के बारे में जन-जागरूकता फैलाने पर फोकस है। उन्होंने बताया कि एड्स एक लाइलाज बीमारी है, और जागरूकता की कमी के कारण, लोगों में अभी भी कई मिथक और गलतफहमियां फैली हुई हैं। इस दिन को मनाने का मकसद गलत जानकारी को खत्म करना और सही जानकारी फैलाना है। उन्होंने आगे बताया कि हाल के सालों में महिलाओं और युवाओं में एचआईवी, एड्स इन्फेक्शन का खतरा तेज़ी से बढ़ रहा है। डॉ. सलूजा ने ज़ोर देकर कहा कि अनसेफ सेक्सुअल प्रैक्टिस, इन्फेक्टेड ब्लड ट्रांसफ्यूजन और कंटैमिनेटेड सुइयों के इस्तेमाल से बचकर एड्स को रोका जा सकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्राओं को इस जन जागरूकता कार्यक्रम से मिली जानकारी को अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में इस्तेमाल करने, गंभीर संक्रामक बीमारियों की रोकथाम संबंधी जानकारियां सजगता, सुरक्षा के लिये आवश्यक है और यह तभी संभव है जब इन बीमारियों के संक्रमण एवं रोकथाम के संबंध में हमें जानकारी हो। डॉ. प्रतिभा अखंड ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सभी फैकल्टी मेंबर, महाविद्यालय के प्रोफेसर और बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स शामिल हुए। इसी कड़ी में शासकीय कन्या महाविद्यालय उज्जैन की छात्राओं द्वारा जिला चिकित्सालय, उज्जैन स्थित सीएमएचओ कार्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। रैली के माध्यम से छात्राओं ने एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूकता से जुड़े संदेशों को आमजन तक पहुंचाया। अर्चना कुशवाह ने स्लोगन कंपटीशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं लक्ष्मी सोनरतिया ने पोस्टर कंपटीशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल संचालन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. दिव्या वर्मा तथा कला मौर्य का उल्लेखनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में एनएसएस एवं रेड रिबन क्लब की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए जागरूकता का सशक्त संदेश समाज तक पहुंचाया।

## शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गीता पाठ का किया




**महिदपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महिदपुर में गीता महोत्सव के अंतर्गत गीता पाठ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य अर्जुनसिंह दावरे के उद्बोधन तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात छात्राओं ने भगवद्गीता के पंद्रहवे अध्याय का सामूहिक पाठ कर आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया। छात्राओं ने श्रद्धा एवं अनुशासन के साथ गीता के श्लोकों का उच्चारण किया, जिससे पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। विद्यालय के शिक्षक प्रदीप राव द्वारा गीता के जीवन-मूल्य, कर्त्तव्य-परायणता और नैतिक आचरण के महत्त्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आध्यात्मिक जागरूकता, संस्कार एवं नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना था। विद्यालय परिवार ने गीता महोत्सव के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक आयोजनों की निरंतरता का संकल्प लिया।

## राठौर समाज का 25 दिसंबर को परिचय सम्मेलन

**उज्जैन।** श्री राठौर क्षत्रिय तेली समाज ट्रस्ट उज्जैन के तत्वावधान में 25 दिसंबर को उज्जैन में अखिल भारतीय स्तर पर राठौर समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भव्य, दिव्य और ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है। सहसंयोजक गोपाल राठौर ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं तथा सभी व्यवस्थाएं समाजजन के सहयोग से तेज़ी, अनुशासन और सुदृढ़ता के साथ पूर्ण की जा रही हैं। विशेष स्मारिका मेल-मिलाप-2 एक दूजे के लिए का प्रकाशन भी किया जा रहा है, जिसमें विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिचय विवरण, परंपराओं से जुड़े प्रेरक आलेख शामिल हैं। स्मारिका का लोकार्पण भी 25 दिसंबर को मुख्य समारोह में किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में मार्गदर्शक तेजकुमार राठौर, संरक्षक शिवनारायण राठौर, अध्यक्ष पुरुषोत्तम राठौर, सचिव धर्मेन्द्र मगरवा, आशीष राठौर सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

## जैन कवि संगम की काव्य गोष्ठी में हुआ प्रतिभा सम्मान




**उज्जैन।** जैन कवि संगम की मासिक काव्य गोष्ठी में प्रतिभाओं का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष इलेक्ट 1 मनीष कोठारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि संगम के प्रदेश अध्यक्ष सुगनचंद जैन ने की। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में व्यंग्यकार मुकेश जोशी के प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक के रूप में नियुक्ति पर जैन कवि संगम की ओर से सम्मान किया गया। साथ ही चंदना जैन तथा कुमारी देशना जैन के उज्जैन आकाशवाणी केंद्र में उद्घोषक के रूप में चयन होने पर तथा मास्टर प्रेषित जैन का अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चयन होने पर इनका भी सम्मान किया गया। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ सुगनचंद जैन की सरस्वती वंदना से हुआ। मेजबान तल्लेरा परिवार द्वारा उपस्थित सभी कवियों का सम्मान किया गया। उपस्थित कवियों में राकेश चौरडिया, संदीप जैन सृजन, अमरीश जैन, सुदीप जैन, राजेंद्र जैन, राकेश खेमसरा, राजेश जैन अजन्ता, योगेंद्र बैनाड़ा, संगीता तल्लेरा, डॉ अर्चना बाफना, अनिल पांचाल सेवक आदि द्वारा प्रभावी काव्य पाठ किया गया। राजेन्द्र जैन एवं संगीता तल्लेरा ने अपनी मालवी रचनाओं से गोष्ठी को ऊंचाई दी। मुख्य अतिथि मनीष कोठारी ने श्री जोशी को निदेशक के रूप में नियुक्ति पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की तथा जैन कवि संगम की अद्भुत साहित्य रुचि के लिए प्रशंसा की। सम्मानित हुए प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने भी व्यंग्य पाठ किया। संचालन योगेंद्र बेनाडा ने किया।

# आतंकी घटनाओं के मूल में पाकिस्तान




**उज्जैन।** दुनिया के अंदर जो भी सगुण कार्य होते हैं, वो मानवता की रक्षा के लिए होते हैं, पारम्परिक जीवन शैली की सुरक्षा के लिए होते हैं। परन्तु जब इसके विपरीत कोई शक्ति यदि खड़ी होती है, फिर दुनिया को उस पर विचार करना होता है। लादेन जब मारा गया, किसी ने भी उसकी मर्सिया नहीं पढ़ी। लोगों के अंदर विचार खड़ा हुआ लादेन जैसा अत्याचारी दुनिया से समाप्त हो गया। आज वही हाल पाकिस्तान के हैं। दुनिया की कोई भी आतंकवादी घटना, चाहे अमेरिका में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की हो, फ्रांस में घटनाएं घट रहीं हैं, जर्मनी में घट रहीं हैं। आस्ट्रेलिया में घट रही हैं, उसकी अंतिम कड़ी खंगाली जाती है, तो उसके मूल में पाकिस्तान होता है। अर्थात विश्व की मानवता के लिए पाकिस्तान खतरा है। अत्याचार का स्वरूप है पाकिस्तान। विश्व को अपनी सुरक्षा तो करनी पड़ेगी, उसके नाश के लिए मार्गदर्शन करना पड़ेगा। हम विश्व मांगल्य की कामना करने वाले हैं, हमें भी उसके नाश के लिए कामना करनी पड़ेगी, केवल अपनी रक्षा के लिए नहीं विश्व की मानवता की रक्षा के लिए।

यह बात नो मोर पाकिस्तान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता श्री गोलोक बिहारी राय ने कही। सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच उज्जैन चैप्टर द्वारा लोकमान्य तिलक विद्यालय के लोकमाता अहिल्यादेवी सभागृह में नो मोर पाकिस्तान विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक और राष्ट्रीय संचालन समिति के सदस्य श्री गोलोक बिहारी राय ने कहा कि पृथ्वी पर जब भी घोर अत्याचार हुआ है, उस अत्याचार के नाश के लिए समय समय पर समाज और महापुरुष खड़े हुए हैं। अत्याचार का प्रतीक था रावण, उस समय पूरे समाज के साथ राम को खड़ा होना पड़ा, ताकि उसका समूल नाश किया जाए। उसी तरह असुरों की संस्कृति रही, अत्याचार का दूसरा पर्याय असुर थे। चाहे महिसासुर हो या कोई भी। समय समय के समाज को खड़ा होना पड़ा उनके नाश के लिए। ऐसे लोगों के नाश के लिए खड़ा होना अर्थात अत्याचार का प्रतिरोध करना। आज के समय में विश्व के अंदर यदि कोई अत्याचार का पर्यायवाची है, तो विचार करना कौन है। फ्रांस के अंदर एक कार्टूनिस्ट की निर्मम हत्या होती है, यह व्यक्ति की हत्या नहीं, एक स्वतंत्र विचारों की हत्या हुई है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं है, जब इस अत्याचार का भी समूल नाश होगा।

## नारायणा धाम का भ्रमण किया




**महिदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के द्वितीय दिवस पर शासकीय महाविद्यालय महिदपुर के प्राचार्य डॉ. आशा सक्सेना एवं स्टाफ सदस्यों ने श्रीकृष्ण सुदामा मित्रस्थली नारायण धाम का भ्रमण किया।

तत्पश्चात कॉलेज में श्रीमद् भागवत गीता की शिक्षाओं का मानव जीवन में महत्व विषय पर सभी अतिथियों और प्रोफेसर द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. पदम सिंह पटेल जो महिदपुर कॉलेज की पूर्व प्राचार्य रहे हैं उनके द्वारा गीता के महत्व पर अपने विचार रखे। डॉ. शेखर मैदमवार ने गीता का महत्व बताया। प्रो. शैलेंद्र सिंह सिंगर ने गीता का इंग्लिश और हिंदी दोनों रूपांतरण बच्चों को बताया। कार्यक्रम में प्रो. अनिल प्रोफेसर अनिल पडियार ने गीता के बारे में बच्चों को बताया। प्राचार्य डॉ. आशा सक्सेना ने गीता का अंतिम लक्ष्य कर्म करते जा फल की चिंता मत कर यह बच्चों को बताया।

## 15 मीटर हो चौड़ीकरण, दिया ज्ञापन



**उज्जैन।** आगामी सिंहस्थ महापर्व को लेकर उज्जैन शहर के अंदर के विभिन्न मार्गों का चौड़ी करण किया जा रहा है। इसी कड़ी में उज्जैन नगर निगम द्वारा नाना खेड़ा क्षेत्र के केटीएम शो रूम से लेकर नीलगंगा चौराहा पेशवाई मार्ग को भी 18 मीटर चौड़ा करने का प्रस्ताव निगम द्वारा किया गया है। जिसकी चौड़ाई को कम कर 15 मीटर चौड़ा करने की मांग को लेकर समस्त क्षेत्रीय रहवासीगणों द्वारा निगम सभापति कलावती यादव को उनके निवास पर जाकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। क्षेत्रीय रहवासियों ने बताया कि नाना खेड़ा क्षेत्र के केटीएम शो रूम से लेकर नीलगंगा चौराहा पेशवाई मार्ग के 18 मीटर चौड़ीकरण से क्षेत्र के बहुत से लोगों के मकान आधे से भी ज्यादा जा रहे हैं जिससे आम लोगों का बहुत नुकसान हो रहा है। 15 मीटर चौड़ाई से लोगों का नुकसान भी कम होगा व क्षेत्र का विकास भी हो जाएगा।

इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 35, 46, 47, 48 के समस्त क्षेत्रीय रहवासीगण उपस्थित रहे। ज्ञापन उज्जैन निगम के सिटी इंजिनियर सुनील गुप्ता द्वारा लिया गया।

**एक नजर** 42 वर्षों तक निरंतर बच्चों को शिक्षित कर संस्कारवान बनाया, छात्रों ने किया सम्मान

## शिक्षिका सुनीता माथुर का सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान



**उज्जैन।** इंगोरिया ग्राम पंचायत क्षेत्र के शासकीय उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका सुनिता माथुर की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कुमावत समाज के समाजसेवी बसंत कुमार दौराया ने बताया कि विगत 42 वर्षों से निरंतर बच्चों को शिक्षित कर संस्कारवान बनाने वाली गुरू सुनिता माथुर के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में ग्राम इंगोरिया पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले छात्र छात्राओं, पालकगणों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने भी श्रीमती माथुर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा पुष्प वर्षा कर उन्हें शाल श्रीफल, पुष्पमाला पहनाकर विदाई दी। छात्र-छात्राओं ने कहा कि सफलता के लिए माता-पिता और अपने सपनों को साकार करने के लिए गुरु शिक्षक सर्वोपरि होता है। शिक्षा ग्रहण कर ही सफलता को पाया जा सकता है। बेहतर सपनों को साकार किया जा सकता है। हमारे शिक्षक गुरु सुनीता माथुर ने करीब 42 वर्ष तक हजारों बच्चों को शिक्षा के माध्यम से हमें सही राह दिखाई एवं शिक्षा के मार्ग की ओर अग्रसर किया, हमें सफलता एवं विजय श्री प्राप्त करना सिखाया।

## 11 बटुकों ने किया गीताजी के 15वें अध्याय का पाठ

**उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव एवं गीता जयंती पर्व के अंतर्गत क्षिप्रा तट रामघाट स्थित 13/84 श्री कामेश्वर महादेव मंदिर में विशेष अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। मोक्षदायिनी एकादशी पर्व पर शासकीय पुजारी पूजा अमृतेष त्रिवेदी द्वारा गीताजी के 15वें अध्याय का पाठ 11 बटुकों से करवाया गया। समारोह का आकर्षण शिवलिंग का वह अलंकरण रहा। जिसमें भगवद्गीता के प्रसिद्ध श्लोक कर्मण्येवाधिकारस्ते को श्रृंगार के रूप में समर्पित किया गया। यह संदेश कर्म में निष्ठा और फल से विरक्ति, शिव के ध्यानस्वरूप के साथ अद्भुत अनुरणन रचता दिखा। श्रद्धालुओं ने इसे कर्मयोग और शिवत्व की संयुक्त प्रेरणा बताया।